मई दिवस पर 5 भाखेप्रा रा०उ०के० में खेलो इंडिया क्षेत्रीय तीरंदाजी टूर्नामेंट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया

1 मई:मई दिवस का अवसर समस्त् भारत के युवा तीरंदाजों के लिए महत्वपूर्ण रहा क्योंकि उन्होंने रविवार को खेलो इंडिया जोनल तीरंदाजी टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारतीय तीरंदाजी संघ (भा०ती०सं०) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 4 जोनों के 600 तीरंदाजों ने भाग लिया। इस आयोजन स्थ लों में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (रा०उ०के०) सोनीपत, इंफाल, कोलकाता, गुवाहाटी और औरंगाबाद थे।

रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजों (पुरुषों और महिलाओं) ने भाखेप्रारा०उ०के० में सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर श्रेणियों में भाग लिया। भा०ती०सं० ने भाखेप्रा के सहयोग से घरेलू प्रतियोगिताओं को बढ़ाने और व्यापक आधार के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित करने और आस-पास के क्षेत्रीय राज्यों के इच्छुक एथलीटों को भाग लेने और प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने के उद्देश्य से टूर्नामेंट के साथ आए। प्रत्येक माह के पहले रविवार को खेलो इंडिया मासिक तीरंदाजी प्रतियोगिताएं आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर ,केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री ने पिछले साल नई दिल्ली में खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग (अंडर 21) के शुभारंभ के दौरान इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन के महत्व का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा था , "इस तरह की प्रतियोगिताएं और एक्सपोजर किसी भी एथलीट के लिए महत्वपूर्ण होते हैं और अगर हम इनका आयोजन करते रहें, तो एथलीटों को न केवल एक साल में कई बार खेलने का मौका मिलेगा बल्कि आगे आने वाले महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों के लिए भी तैयार रहना होगा। उन्हेंभाखेप्राने इसको ध्यान में रखते हुए खेलो इंडिया लीग टूर्नामेंट का आयोजन किया है और मैं इन युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए महासंघों को भी धन्यवाद देता हूं।

पद्म श्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता बोम्बायला देवी लैशराम , और अर्जुन पुरस्कार विजेता मंगल सिंह चंपिया सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने रविवार को भाखेप्रा कोलकाता केंद्र में सम्मानित अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति के साथ टूर्नामेंट की शोभा बढ़ाई। भा०ती०सं० का मिशन 'हर घर तीरंदाजी हर गांव तीरंदाजी' को ध्यान में रखते हुए, टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य घरेलू प्रतिस्पर्धा, सामूहिक भागीदारी को बढ़ाना और तीरंदाजों को अवसर देना है।

खेलो इंडिया तीरंदाजी टूर्नामेंट (सीनियर, जूनियर और सब जूनियर) भी संबंधित राज्य संघों के समन्वय में आयोजित किए जा रहे हैं जो टूर्नामेंट आयोजित करने में सभी तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं।

कुल भागीदारी के आंकड़े:

रा०उ०के० सोनीपत (उत्तरी क्षेत्र): 190

रा०उ०के० कोलकाता (पूर्वी क्षेत्र): 75

रा०उ०के० औरंगाबाद (पश्चिम क्षेत्र): 151

रा०उ०के० गुवाहाटी (उत्तर-पूर्व क्षेत्र): 52

रा०उ०के० इंफाल (उत्तर-पूर्व क्षेत्र): 118

ईओएम